हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 19 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री

13 बोहारा में विधायक संगीता ने सीसी रोड निर्माण...



14 पूर्व नपा अध्यक्ष सिन्हा ने वार्ड क्रमांक 7 में किया...



## खबर संक्षेप



### बैगलेस डे पर बच्चों ने किया सहकारी बैंक का भ्रमण

**बेमेतरा।** प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी के बच्चों ने शनिवार को बैग लेस डे पर जिला सहकारी बैंक दाढ़ी का भ्रमण किया। इस दौरान बैंक प्रबंधक नारद वर्मा रवि कुमार वर्मा लिपिक मनीष कुमार साहू सामान्य सहायक खुमान सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों को बैंक में खाता खोलने बचत खाता अन्य खाता बैंक का लेखा जोखा तथा अन्य जानकारी रवि कुमार वर्मा द्वारा जानकारी दी गई। प्रधान पाठक चंद्रभान सिंह धुर्वे ने बताया कि भविष्य में पैसा की बचत करने के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी गई, जिसमें महेश्वर सिंह चंदेल आरती गुप्ता भुनेश्वरी कुंभकार उर्मिला साहू अनव्य गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### दुकान संचालक से गाली-गलौज, दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** मोबाईल फायनेंस करने की बात को लेकर मोबाईल दुकान के संचालक के साथ दो लोगों द्वारा गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। दंतेश्वरी वार्ड दल्लीराजहरा निवासी नितिन लुल्ला ने बताया कि बस स्टैण्ड राजहरा के पास मेरी मोबाईल दुकान है। शुक्रवार को मैं दुकान पर था, दोपहर करीबन 1.20 बजे दिलराज भाठिया और उसका छोटा भाई मनराज भाठिया दोनों मेरे दुकान के पास आए और मोबाईल फायनेंस करने की बात को लेकर गालीगलौज की। दुकान संचालक की शिकायत पर राजहारा थाने में दोनों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### ग्राम कोनारी में मड़ई-मेला व कबड्डी प्रतियोगिता आज

**अंडा।** नव ज्योति क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति कोनारी द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ई का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए संतोष कुमार चन्द्राकर ने बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। श्री चंद्राकर ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होंगे। साथ ही जिपं सदस्य माया बेलचंदन, सरपंच भरत चन्द्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री चंद्राकर ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क 301 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए नकद, द्वितीय 7,001, तृतीय 5,001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 3,001 रुपए नकद प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही उक्त सभी विजेता टीमों को शील्ड प्रदान किया जाएगा।

### संपत्ति को लेकर विवाद, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम जबकसा में पैतृक संपत्ति को लेकर देवर, देवरानी और जेठानी के बीच कहा सुनी हो गई है। इस संबंध में डौंडी थाने में गुरुवार को देवर, देवरानी के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम जबकसा निवासी जेठानी बिजमा दुग्गा ने बताया कि पति आशा राम दुग्गा की मृत्यु हो गई है। घर में मैं और मेरी लड़की साधना व लड़का निर्दोष दुग्गा रहते हैं। मेरे पति आशा राम दुग्गा पांच भाई होते हैं। सबसे बड़े मेरे पति थे। सभी भाई हिस्सा बंटवारा होकर अलग अलग अपने परिवार के साथ रहते हैं। पांचों भाईयों का पैतृक मकान गांव में है।

---

**दावा :** सूचना पर पिंजरा, ड्रोन व अन्य उपकरणों के साथ सहसपुर पहुंचा वन अमला

# तीसरे दिन बाघ ने फिर बदला ठिकाना, ग्रामीणों ने सहसपुर-राजपुर मार्ग पर देखने का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/साजा

■ तीनों दिन अलग-अलग क्षेत्रों में बाघ देखे जाने की मिल रही सूचना

साजा फॉरेस्ट रेन्ज में निरन्तर अपनी मूवमेंट एवं एक्टिविटी से चर्चा का केंद्र रहे बाघ को लगातार तीसरे दिन भी रिहायशी क्षेत्र में देखने का मामला सामने आया है। तीन दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों पर मूवमेंट की जानकारी आ रही है, लेकिन वन अमला बाघ का पता लगाने में नाकाम रहा है। हालांकि राहत की बात है कि इन तीन दिनों में किसी भी प्रकार की जनहानि की कोई घटना होने की बात सामने नहीं आई है, परंतु आमजनों में अभी भी दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग खेतों या अन्य कार्य करने नहीं जा रहे हैं। प्रशासन ने भी वर्तमान स्थिति को देखते हुए गांव में मुनादी कराकर सचेत रहने की हिदायत दी है।

गौरतलब हो कि तीसरे दिन नगर पंचायत देवकर से महज 07 किलोमीटर दूर अन्तर्ज़िला क्षेत्र सहसपुर-राजपुर मार्ग पर दोपहर में महिलाओं द्वारा बाघ देखने खबर आई, जिसके बाद नगर साजा के गन्ने फार्म में ड्रोन कैमरे व अन्य जरूरी उपकरण के आधार पर तलाशी अभियान चला रही वन विभाग की टीम तत्काल सहसपुर क्षेत्र पहुंची। जहां पर डीएफओ- सीएस शंकर सिंह परदेशी के साथ पूरा वन अमला के साथ मौके पर पहुंचा। साजा वन रेंज के साथ धमधा, गंडई व सहसपुर लोहारा के इन्टरडिवीजन अफसरों की भी मदद ली गई। परन्तु, देर रात तक कोई खास सुराग सन्दिग्ध बाघ का नहीं मिल सका। इससे गम्भीर सम्वेदनशील मामले पर प्रशासन की सक्रियता एवं कार्यशैली पर सवाल उठने लगा है।

#### तलाशी अभियान में नजर आ रही कमी

दरअसल फॉरेस्ट मुक्त दुर्ग वन मण्डल अंतर्गत बेमेतरा ज़िला में विगत तीन दिनों से बाघ के दस्तक के दावे चर्चाओं के केंद्र में हैं, जो फिलहाल तक आम लोगों पर किसी भी प्रकार का हमला तो नहीं किया है, किंतु प्रभावित क्षेत्रों में दहशत जबरदस्त देखने को मिल रहा है। हालांकि सन्दिग्ध बाघ के देखे जाने के दावे एवं कदमचिन्ह के मिलने के बाद वन विभाग की तैयारियों काफी नहीं है, जिसके कारण सन्दिग्ध बाघ प्रशासन की पहुंच से अब तक दूर ही है। बताया जा रहा है कि इस तलाशी अभियान में वनकर्मी कम होने के कारण राजस्व एवं पुलिस विभाग के अफ़सरों व स्टॉफ का सहारा लिया जा रहा है, जो वनरहित क्षेत्र में लगातार पदस्थ होने के कारण उनमें अनुभव की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। वहीं, अब तक फारेस्ट द्वारा पर्याप्त ड्रोन भी उपयोग में नहीं लिया गया है, जिसके कारण बाघ के मूवमेंट्स का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

#### तीन दिन से बाघ की तलाशी में जुटा वन विभाग, पर नहीं मिल पा रही सफलता





#### बहुत चालाक शिकारी होता है बाघ

इस सम्बंध में फारेस्ट एक्सपर्ट का कहना है कि जंगली जानवर की श्रेणी में राष्ट्रीय पशु बाघ काफी बड़ा माना जाता है, जो मांसाहारी होने के साथ आमतौर पर काफी चालाक शिकारी होता है। इसके कारण वह एक सीमित क्षेत्र के बीच ही अपनी मूवमेंट्स व एक्टिविटी करता है, किंतु जंगल नष्ट होने पर खान-पान एवं रहन-सहन के लिए अथवा कभी-कभार यह जँगली जीव प्रवास-सहवास के बीच प्रतिद्वंद्वी से सँघर्ष के दौरान अपना मूल वन संरक्षित क्षेत्र छोड़कर रिहायशी इलाकों में भटककर पहुंच जाता है। ताज़ा सन्दिग्ध जानवर बाघ भी इसी तरह ही साजा रेन्ज में दाखिल हुआ है। इसके लिए वह सुरही नदी के कछार का सहारा लेकर गंडई या लोहारा क्षेत्र से होकर रास्ता भटक गया, जो फिलहाल लगातार तीन दिनों से ग्रामीणों को नजर आ रहा है। हालांकि अभी तक की स्थितियों को देखकर लग रहा है, कि यहां पहुंचा हुआ बाघ शांत प्रवृत्ति का है, जिसने अभी तक किसी पर जानलेवा हमला नहीं किया है। वैसे इस परिस्थिति में वन विभाग द्वारा बाघ को निगरानी में लेकर उसके अपने रास्ते जाने के लिए व्यवस्था की जाएगी और खतरे की स्थिति में उसे ट्रेंकुलाइज कर जंगल में छोड़ा जाएगा। वन विभाग द्वारा उच्च अफसरों के मार्गदर्शन में इसकी सारी तैयारी की जा रही है।

#### अकेले बाहर न निकलें, सावधानी बरतें

साजा रेन्ज के ग्रामीण क्षेत्र घूम रहे सन्दिग्ध जानवर बाघ के सम्बन्ध में दुर्ग डीएफओ सीएस शंकर सिंह परदेशी ने कहा कि बाघ दिखने की सूचना के बाद आसपास के गाँव के लोग अकेले में बाहर न निकलें। बच्चों को घरों में अपने साथ रखें एवं रात में इधर-उधर अकेले न जाएं। साथ ही किसान अपने खेतों में जाने से पहले चौकस होकर जाएं एवं अपने साथ डण्डे व अन्य सुरक्षात्मक चीज रखें। इसके अलावा बाघ दिखने पर आवाज कर भागने की बजाए धीरे से निकलें एवं पेड़ों पर चढ़ने के प्रयास करें और उसे जाने का रास्ता दें, अन्यथा वह अटैक कर सकता है। साथ ही कहीं भी नजर आने पर तत्काल ग्राम प्रमुख व अन्य प्रशासनिक अफसरों से सम्पर्क कर इसकी खबर दें, ताकि विभाग तत्काल उसे काबू में कर सके या निगरानी में लेकर सन्दिग्ध बाघ को पकड़ सके।

---

## बहुसंख्यक लोगों के साथ अन्याय कर रही है भाजपा सरकार : छाबड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

जिला मुख्यालय में कांग्रेस ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई आरक्षण व्यवस्था के तहत वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण में एक भी पद अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किए जाने व भाजपा सरकार के वादे अनुसार 3100 रुपए धान की प्रति क्विंटल राशि एकमुश्त दिए जाने, प्रशासक नियुक्ति के पश्चात से नगर की साफ सफाई, पेयजल की अव्यवस्था, शहर के चौक चौराहों सहित महापुरूषों की प्रतिमा की अनदेखी , बदहाल शिक्षा व्यवस्था, जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी तथा बिजली बिल में हुई वृद्धि का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन किया।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में लागू की गई आरक्षण व्यवस्था के तहत वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए किए गए आरक्षण में एक भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया है। जबकि प्रदेश की आधी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बहुसंख्यक आबादी के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार अन्याय कर रही है। आरक्षण प्रावधानों में किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के चलते त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। पूर्व विधायक छाबड़ा ने यह भी कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से समाज के हर वर्ग को छलने का काम सरकार कर रही है। किसानों को धान खरीदी में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार धान का केवल 2320 रुपए ही प्रदान कर रही है जबकि सरकार को 3100 एकमुश्त दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब अवैध रेत खनन, गली गली मे अवैध शराब की बिक्री की जा रही ।सरकार शहर वासियों को मीठा पानी प्रदान करने मे असफल हो गई है साथ ही स्कूलों मे शिक्षको की कमी है। जिला अस्पताल को एक साल में सरकार ने रिफर सेंटर ▶▶शेष पेज 12 पर

## पटवारियों की हड़ताल के कारण महीनेभर से ऑनलाइन काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ नामांतरण-नक्शा बटांकन के साथ अन्य कार्यों के लिए भटक रहे लोग

राजस्व महकमे का हाल सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार से परेशान जनता को अब पटवारियों की हड़ताल के कारण अपने काम के लिए भटकना पड़ रहा है। करीब महीनेभर से पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर दी है। ऑनलाइन किसी भी प्रकार के काम नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में नामांतरण, नक्शा बटांकन, अभिलेख दुरुस्ती सहित कई काम के लिए फरियादियों को मजबूरन इंतजार करना पड़ रहा है। अब तक किसी भी प्रकार के संकेत भी हड़ताल के समाप्त होने के नहीं मिले हैं। बताया जा रहा है कि सरकार से बातचीत नहीं होने तक पटवारी संघ भी ऑनलाइन काम शुरू करने के मूड़ में नहीं है। इधर जनता में भी अब आक्रोश की स्थिति निर्मित होने लगी है। लगातार अपने काम के लिए भटक रहे लोग अब नेताओं के दरवाजे शिकायत लेकर पहुंचने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि पटवारी हड़ताल पर जाते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने लैपटॉप, प्रिंटर सहित अन्य उपकरण की मांग की है। इन मांगों को लेकर ही 16 दिसंबर से हड़ताल शुरू हुई है।

**नहीं हो रहे ये काम-** पटवारियों की हड़ताल के कारण राजस्व महकमे का काम काफी प्रभावित हो रहा है। एक महीने से खसरे में ऑनलाइन सुधार, नामांतरण, नक्शा बटांकन, ऑनलाइन अभिलेख दुरुस्ती का काम नहीं हो पा रहा है। इसके काम मी अलावा ▶▶शेष पेज 12 पर

## जवाहर नवोदय विद्यालय की 80 सीटों में प्रवेश के लिए 6120 बच्चों ने दी परीक्षा

**जिले में 44 परीक्षा केंद्रों में किया गया प्रवेश परीक्षा का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जवाहर नवोदय विद्यालय के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा शनिवार सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 तक जिले के 44 परीक्षा केंद्र में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। शनिवार सुबह 6 बजे से ही सभी 44 परीक्षा केन्द्रों के केंद्राध्यक्षों को जिला मुख्यालय बेमेतरा में स्थित यूनियन बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा से प्रश्न पत्रों की पैकेट का वितरण किया गया। उत्साहित परीक्षार्थी सुबह से ही अपने-अपने पालकों या शिक्षकों के साथ परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे गए थे। लगभग सभी परीक्षार्थी समय के पूर्व अपने परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे गए थे। परीक्षा के लिए साजा विकासखंड में बच्चों की दर्ज संख्या 2537 में से 1339 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसी तरह नवागढ़ विकासखंड में कुल 2802 परीक्षार्थियों की संख्या दर्ज थी, जिसमें 1642 परीक्षार्थी उपस्थित थे। बेरला विकासखंड में परीक्षार्थियों की दर्ज संख्या 2642 थी। जिनमें से 1581 परीक्षार्थी उपस्थित थे। जबकि बेमेतरा विकासखंड में 2671 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 1558 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस तरह बेमेतरा जिले के 44 परीक्षा केन्द्रों में कुल 10652 परीक्षार्थियों में से 6120 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार इस प्रवेश परीक्षा दिलाने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 57 फ़ीसदी रहा। जिला नोडल अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि बेमेतरा जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 80 सीट है। जिसके लिए आज 6120 परीक्षार्थियों परीक्षा दी है। इसके लिए पूरे जिले में 44 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।



#### कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला नोडल अधिकारी व डीईओ डॉ कमल कपूर बंजारे, एडीएम अनिल बाजपेयी, डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू के द्वारा शिवलाल राठी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा में चल रहे प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण भी किया। जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा की प्राचार्य लक्ष्मी सिंह और सहायक संचालक एसपी कोशले ने भी साजा विकासखंड के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठेलका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्फी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरबीजा और नवागढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाल परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किये। सभी जगह प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

---

**मांगलिक कार्यक्रमों की शुरुआत के साथ बाजारों में बढ़ी रौनक**


## खरमास के बाद फिर गूंजने लगी शहनाई, इस माह कई मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नववर्ष के साथ ही जनवरी माह लोगों के लिए खुशियां लेकर आया है। इस माह खरमास के समापन के साथ ही 16 जनवरी से मांगलिक मुहूर्तों का दौर शुरू हो गया है, जो लगातार बना रहेगा, जिसे लेकर लोगों में उत्साह एवं व्यस्तता का वातावरण निर्मित है। ज्ञात हो कि 15 दिसंबर 2024 के बाद से वैवाहिक मुहूर्तों पर विराम लगा हुआ था। लोगों को बेसब्री से नए वैवाहिक मुहूर्त का इंतजार बना हुआ था। अंग्रेजी वर्ष का नववर्ष प्रारंभ होते ही जनवरी माह के 16 जनवरी से वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम शुरू है। इधर मांगलिक कार्यक्रमों के शुरू होते ही शहर एवं ग्रामीण इलाकों के बाजार में लोगों की चहल-पहल बढ़ गई है। लोग वैवाहिक कार्यक्रम संबंधी सामग्रियों की खरीदी करने के लिए जुटने लगे हैं। बाजार में भी कपड़े, इलेक्ट्रानिक, आभूषण, बर्तन, फर्नीचर इत्यादी दुकानों में पर्याप्त स्टाक किया गया है, जहां लोगों की बेहतर उपस्थिति भी बन रही है। वैवाहिक आयोजनों से जुटे व्यवसायियों की भी इन दिनों व्यस्तता है। जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं। उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवन, डेकोरेशन, वाहन, कार्ड सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था कर ली है।

#### फरवरी में सर्वाधिक मुहूर्त

पंचाग के अनुसार जनवरी माह में 16 जनवरी से शुरू हुए मांगलिक मुहूर्त 17, 18, 19, 20, 21, 22, 24, 26 जनवरी को वैवाहिक मुहूर्त है। इसी तरह फरवरी माह में 2, 3, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, मार्च माह में 1, 2, 6, अप्रैल माह में 14, 16, 18, 20, 21, 25, 29, 30, मई माह में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 28, जून माह में 2,4,5,7 है।



#### चार माह रहेगा विराम

7 जून के बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर सहित चार माह फिर मांगलिक मुहूर्तों का अभाव रहेगा। नवंबर माह से पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होंगे। पंचाग के अनुसार नवंबर माह में 22, 23, 24, 25, 29, 30, दिसंबर माह में 1, 4, 5, 6, 10 वैवाहिक मुहूर्त है, जिसे लेकर लोगों में उत्साह एवं व्यस्तता का आलम बना हुआ है।

**एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज**

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ — सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# कम वेतन, सरकारी अस्पतालों को नहीं मिल रहे डाक्टर, डीकेएस का इंटरव्यू स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

निजी की तुलना में सरकारी अस्पतालों में कम वेतन की वजह से डाक्टरों की कमी दूर नहीं हो पा रही है। इस समस्या की वजह से शुक्रवार को डीके अस्पताल में डाक्टरों की भर्ती का इंटरव्यू स्थगित कर दिया गया। यहां अलग-अलग 24 पदों के लिए साक्षात्कार होना था, मगर पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार नहीं पहुंचे। पूर्व में जिला स्वास्थ्य विभाग और आंबेडकर अस्पताल में भी निकली बड़ी भर्ती की प्रक्रिया में कम डाक्टर मिल पाए थे।

सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कालेजों में एसआर से लेकर विभागाध्यक्ष तक अलग-अलग पदों के लिए 75 हजार से लेकर लगभग सवा दो लाख रुपए तक वेतन मिलता है। इसके विपरीत चिकित्सा विशेषज्ञ से लेकर वरिष्ठता के आधार पर निजी अस्पतालों में इससे दोगुना वेतन मिलता है। इस बड़ी समस्या की वजह से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी दूर नहीं हो पा रही है।

डीकेएस सुपरस्पशेलिटी हास्पिटल में यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, एनीस्थिसिया सहित अन्य विभाग में सहायक प्राध्यापक सहित 24 पदों पर भर्ती के लिए शुक्रवार को इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। साक्षात्कार के लिए विशेषज्ञों की कमेटी बैठी थी, मगर बेहद कम संख्या में लोगों के पहुंचने की वजह से इंटरव्यू को आगामी तारीख तक स्थगित कर दिया गया। इसके पहले जिला स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधार पर 21 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब तक रिक्त पदों की पूर्ति नहीं हो पाई है। आंबेडकर अस्पताल में 106 चिकित्सकों की भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमे केवल डेढ़ दर्जन चिकित्सकों की भर्ती हो पाई थी।

### जिला स्वास्थ्य विभाग, आंबेडकर अस्पताल में निकली थी बड़ी भर्ती, नहीं मिले डाक्टर

#### नौकरी छोड़ने की समस्या

डीके अस्पताल में लगभग 95 प्रतिशत चिकित्सक संविदा आधार पर सेवा देते हैं। सरकारी सेक्टर से निजी अस्पतालों में बेहतर ऑफर मिलने पर उनके द्वारा इस्तीफा देने के मामले भी सामने आते हैं। पिछले दिनों अस्पताल से एक न्यूरोलाजिस्ट ने नौकरी छोड़ी थी और एनीस्थिसिया से जुड़े एक चिकित्सक ने भी सरकारी अस्पताल में सेवा देने से इनकार कर दिया था।



#### अनुसूचित क्षेत्रों में ज्यादा वेतन

शासन द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में संविदा आधार पर सेवा देने वाले चिकित्सा शिक्षकों के वेतन का पुनर्निर्धारण किया गया था। गैर अनुसूचित क्षेत्रों में प्राध्यापकों को 1.55 से 1.90 लाख दिया जाता है। अनुसूचित क्षेत्रों में 1.90 से 2.25 लाख, सहप्राध्यापक 1.35 से 1.55, अनुसूचित क्षेत्रों में 1.55 से 1.85, सहायक प्राध्यापक 90 हजार से सवा लाख, अनुसूचित क्षेत्रों 90 से 1.25 लाख, एसआर के 65 से 75 हजार तथा अनुसूचित क्षेत्रों में 65 से 95 हजार वेतन दिया जाता।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक सत्तू भैया के जन्मदिन पर बांटी स्टेशनरी



**रायपुर।** ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर गंगानगर प्राथमिक शाला एवं मनपुरी स्कूल में कॉपी एवं पेन वितरण कार्यक्रम रखा गया। यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 4 के जीत सिंह ठाकुर की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 500 बच्चों को कॉपी-पेन वितरित किए गए। इस दौरान वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद नागभूषण राव, विपिन शुक्ला व कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### संयुक्त आयुक्त कांडे का प्रमोशन, अब अपर आयुक्त

**रायपुर।** केएन कांडे संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं को अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाए के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस आशय का आदेश शुक्रवार को मंत्रालय से जारी हुआ। श्री कांडे वन मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी हैं। श्री कांडे को पदोन्नत करते हुए यथावत प्रतिनियुक्ति पर प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) नवा रायपुर पदस्थ किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### पंजीयन विभाग में 85 नए पद 100 खाली पदों के लिए मंजूरी

**रायपुर।** वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी ने स्वयं पहल करते हुए पंजीयन (रजिस्ट्री) विभाग के पुनरीक्षित सेटअप को स्वीकृति दी है। इस नए सेटअप में पंजीयन विभाग में विभिन्न श्रेणी के 85 नए पद सृजित किए गए हैं। इसके साथ ही पंजीयन विभाग के वर्तमान लागू सेटअप के विभिन्न श्रेणी के लगभग 100 रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती को मंजूरी दी गई है।

बताया गया है कि कि राज्य विभाजन के बाद से 24 वर्षों से रजिस्ट्री विभाग का सेटअप रिवीजन लंबित था। रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी कर्मचारी लंबे समय से सेटअप पुनरीक्षण की मांग कर रहे थे। सेटअप रिवीजन नहीं होने से रजिस्ट्री विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को पदोन्नति के अवसर नहीं मिल रहे थे। 25- 30 साल की सेवा के बाद भी एक भी पदोन्नति नहीं मिली थी, जबकि उनके समकक्ष दूसरे विभाग के अधिकारी कर्मचारी तीन चार पदोन्नति प्राप्त कर चुके होते थे। राज्य विभाजन के बाद रजिस्ट्री विभाग का काम, दस्तावेज संख्या तथा राजस्व कई गुना बढ़ चुका है।

## पेज 11 के शेष...

### बहुसंख्यक लोगों के...

बना के रख दिया है। इस दौरान सुमन गोस्वामी,लुकेश वर्मा , टी आर जनार्दन, शशि प्रभा गायकवाड,रीना वर्मा,दत्त जैन पुरी, मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा ,रीता पांडेय,बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, शत्रुहन साहू,मिथलेश वर्मा, नारायण छाबड़ा, चंदू शीतलानी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की इस गलत नीति के चलते ओबीसी आरक्षण में कटौती से समाज के कमजोर वर्गों का हक मारा जा रहा है। कांग्रेसियों ने कहा कि इस धरना प्रदर्शन का उद्देश्य ओबीसी वर्ग के अधिकारों की रक्षा करना और सरकार से इस कटौती को वापस लेने की मांग करना है। प्रदर्शन में जोगेंद्र छाबड़ा, नवीन ताम्रकार, हरीश साहू, प्रांजल तिवारी, राम ठाकुर, रानी सेन, रेहाना रवानी, जया साहू, धरम वर्मा, राजू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### पटवारियों की ...

फसल सर्वे में सुधार का व नहीं हो पा रहा है। जबकि रोज इस तरह के कई मामले राजस्व महकमे पहुंच रहे हैं, लेकिन हड़ताल के कारण बैरंग लौटना पड़ रहा है।

**अपने खर्च से चला रहे काम-** पटवारियों का कहना है कि पिछले दस सालों से ऑनलाइन काम शुरु हुआ है। इस दौरान कई बार पटवारी संघ ने सरकार से लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर सहित अन्य आवश्यक सामग्री की मांग की है, लेकिन अब तक उन्हें यह उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। ऐसे में अपने खर्च से पटवारियों को इन उपकरण को खरीदना पड़ रहा है। इसी मांग को लेकर ही पटवारी संघ ने प्रदेशभर में दिसंबर से ऑनलाइन काम बंद कर हड़ताल शुरू की है।

## जल जीवन मिशन योजना के कार्य में बरती जा रही ढिलाई, मनमानी कर रहे ठेकेदार

# टंकी निर्माण-पाइपलाइन बिछाने के बाद कहीं पानी सप्लाई नहीं तो कहीं खुदाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाने के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले को मिले लक्ष्य की तुलना में 94 प्रतिशत नल कनेक्शन लगाने के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में अभी तक 50 प्रतिशत घरों को पानी पहुंचाने का काम पूरा नहीं हुआ है। कई गांव में तो विभाग के अधिकारियों की लापरवाही एवं ठेकेदारों की मनमानी के कारण पाइप लाइन बिछाने का काम अभी शुरू किया जा रहा है, जबकि इस योजना को शुरू हुए साढ़े चार साल हो चुके हैं। इन साढ़े चार साल में अब तक कई ग्रामीण इलाकों में पाइप लाइन बिछाए जाने के कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के चंदुखरी-विधानसभा क्षेत्र से लगे ग्राम नरदहा का सामने आया है। इस गांव की एक गरीब बस्ती में दो दिन पहले ही पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया है। यह काम भी गांव वालों द्वारा कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद शुरू किया गया है।

नरदहा क्षेत्र में वार्ड नंबर-11 में नया आबादी लोहरा भाटा बस्ती एवं मल्लीन पारा है। इस बस्ती व पारा में ज्यादातर गरीब तबके के लोग निवासरत हैं। इस बस्ती में भी जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर नल कनेक्शन दिया जाना है, लेकिन नरदहा गांव में जिस ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है, उसके द्वारा आधा काम पूर्ण करने के बाद काम बंद कर दिया है, जिसके कारण इस बस्ती में पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम तक नहीं हो पाया है। इधर इस बस्ती के लोगों को पानी की समस्या से लगातार जूझना पड़ रहा है।





#### 6 प्रतिशत पेनाल्टी लगाएंगे

ठेकेदार की लापरवाही के कारण पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य काम समय-सीमा में हो नहीं पाए हैं। काम पूर्ण होने के बाद ठेकेदार पर 6 प्रतिशत पेनाल्टी लगाई जाएगी। पेनाल्टी की राशि काटकर भुगतान किया जाएगा।

**- दीपक कोहली,** सहायक अभियंता, भूज-जल संवर्धन उपखंड रायपुर

#### फंड जारी नहीं होने से ठेकेदार ने बंद किया काम

गांव के जागरूक एवं समाज सेवक अनिल टंडन ने बताया कि ठेकेदार को नरदहा के अलावा आसपास के अन्य गांवों में भी जल जीवन मिशन अंतर्गत काम करने का ठेका मिला हुआ है। ठेकेदार द्वारा उसके गांव के अलावा दूसरे कुछ गांव में भी आधा-अधूरे काम कर छोड़ दिए गए हैं। उन्होंने इस संबंध में जब ठेकेदार से बातचीत की, तो उसके द्वारा बताया गया कि विभाग से फंड मिला नहीं है, जिसके कारण काम को फिलहाल बंद रखा है।

#### कलेक्टर से शिकायत के बाद खुदाई का काम शुरू

अनिल टंडन सहित गांव के अन्य लोगों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह से शिकायत की है। इस शिकायत पर कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनके गांव की बस्ती में भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। इधर कलेक्टर से शिकायत के बाद दूसरे दिन ही ठेकेदार ने बस्ती में पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है।

## 26 मार्च को दिव्यांग करेंगे पैदल मार्च, नगरीय निकाय चुनाव में नहीं करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ प्रदेशभर के सात लाख से ज्यादा दिव्यांग वोटिंग से करेंगे तौबा

26 मार्च को एक बार फिर प्रदेशभर के दिव्यांग दाना-पानी लेकर अपनी छह सूत्रीय मांग मनवाने के लिए स्वाभिमान पैदल मार्च करने वाले हैं। इसके साथ ही अगर जल्द ही मांगों को संज्ञान में नहीं लिया गया, तो आगामी निकाय एवं पंचायत चुनाव में सात लाख से ज्यादा दिव्यांग एवं उनके परिवार के लोग मतदान भी नहीं करेंगे। यह निर्णय छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने लिया है। आगे बताया कि चारा के लिए तय राशि के बराबर भी हमें पेंशन नहीं मिल रही है। राजधानी के तेलीबांधा मरीन ड्राइव से जयस्तंभ चौक तक इस बार स्वाभिमान पैदल मार्च का निर्णय संघ ने लिया है। पत्रकार वार्ता में संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्रकार ने बताया कि इसके लिए सदस्यों ने सहमति दी है। अभी तक चार बार शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा से भी मिल चुके हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सामने भी हमने अपनी मांग रखते हुए आग्रह भी किया है कि फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट के आधार पर सरकारी नौकरी करने वाले दिव्यांग कर्मचारी और अधिकारियों की नियुक्ति की जांच कराई जाए। इससे बचने के लिए हमें और हमारे आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जाता है।

#### संघ ने गिनाई प्रमुख 6 मांगें

1. शिकायत के आधार जिन 127 लोगों ने फर्जी तरीके से नौकरी प्राप्त की है, जांच के बाद बर्खास्त करें।
2. सभी विभाग में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों के लिए विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी किया जाए।
3. दिव्यांग वंदन योजना का शुभारंभ करते हुए हर माह 5000 रुपए पेंशन व बीपीएल की बाध्यता हटाएं।
4. 21 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित दिव्यांग युवतियों को महतारी वंदन योजना में शामिल करें।
5. शासकीय दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी के प्रमोशन पर 3% आरक्षण को लागू कराने परिपत्र जारी करें।
6. कोरोना से पूर्व के स्वरोगजार के लिए गए निःशक्त वित्त निगम के कर्ज को भी माफ किया जाए।

# मोवा ब्रिज घटिया डामरीकरण मामले में बड़ी कार्रवाई, पीडब्ल्यूडी के पांच अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के मोवा ओवरब्रिज में घटिया डामरीकरण के मामले में शासन ने लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत कार्यपालन यंत्री विवेक शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी रोशन कुमार साहू के साथ तीन उप अभियंता राजीव मिश्रा, देवव्रत यमराज और तन्मय गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। रायपुर में सड़क निर्माण में घटिया क्वालिटी से किए गए कार्य में शासन की यह पहली बड़ी कार्रवाई है, जिसमें 5 अफसरों को एक साथ सस्पेंड किया गया है। सस्पेंड कर इन सभी अफसरों को पीडब्लूडी मुख्यालय नवा रायपुर में अटैच किया गया है। अफसरों पर की गई इस कार्रवाई ने पीडब्लूडी महकमे में खलबली मचा दी है।

■ जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई कार्रवाई

पीडब्लूडी के इन अफसरों के निलंबन का आदेश उपसचिव एनपी मरावी ने जारी किया है। आदेश में लिखा है कि मोवा ओवरब्रिज के डामरीकरण का पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव ने 10 जनवरी को शिकायतों के बाद निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने निर्माण की क्वालिटी खराब पाई थी और मौके पर ही नाराजगी जताते हुए इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मंत्री के निर्देश पर रायपुर ब्रिज डिवीजन के चीफ इंजीनियर की ओर से केंद्रीय गुणवत्ता अनुसंधान प्रयोगशाला से डामरीकरण की गुणवत्ता की जांच करवाई गई। जांच रिपोर्ट दो दिन पहले मिली, जिसमें क्वालिटी को लेकर गंभीर टिप्पणियां की गई हैं। इसके मुताबिक औसत बिटुमिन कंटेंट, कंबाइंड डेन्सिटी और मटेरियल का ग्रेडेशन मानक स्तर से कम पाया गया। इस रिपोर्ट को देखने पर यही प्रतीत हुआ है कि जिम्मेदार अफसरों ने डामरीकरण के निर्माण कार्य की निगरानी में घोर लापरवाही बरती है, जो बहुत गंभीर है। जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी अफसरों को सस्पेंड किया गया है। उल्लेखनीय है कि मोवा ओवरब्रिज पर डामरीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद जैसे ही आवागमन के लिए उसे खोला गया, कुछ मिनटों के बाद ही सड़क उखड़ने लगी थी। देखते ही देखते कुछ घंटों के भीतर पूरी सड़क उखड़ गई, जिससे इस मार्ग पर गाड़ियों का चलना मुश्किल हो गया। घटिया निर्माण के कारण सड़क पर चढ़ा डामर गिट्टी के साथ उखड़कर मलबे में तब्दील हो गया था, जिसकी सूचना मिलते ही निर्माण एजेंसी से लेकर पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने आनन-फानन में सड़क की सफाई कराकर मलबे को बोरियों में भरकर दूसरी जगह डंप करा दिया था। इस मामले की जानकारी मिलने पर पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने मौके पर पहुंचकर सड़का का निरीक्षण किया था, जिसे देखने के बाद उन्होंने जांच के निर्देश दिए थे।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने निरीक्षण के बाद दिए थे जांच के निर्देश


ब्रिज पर डामरीकरण का काम बुधवार देर शाम को खत्म हुआ था

मोवा ब्रिज पर घटिया डामरीकरण, पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया निरीक्षण, दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इन बिंदुओं पर होगी जांच

# लुटेरों की गोली से चकनाचूर हो गई जांघ की हड्डी, लॉकिंग प्लेट लगाकर डाक्टरों ने बचाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ बिलासपुर सिम्स से आधी रात आंबेडकर अस्पताल रेफर हुआ था घायल सुरक्षा गार्ड

जांजगीर जिले में लुटेरों की गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी सुरक्षा गार्ड की आंबेडकर अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के डाक्टरों ने सर्जरी कर जान बचाई। बिलासपुर सिम्स से आंबेडकर अस्पताल लाए गए सुरक्षा गार्ड की बायी जांघ में गोली फंसी हुई थी और हड्डी चकनाचूर हो गई थी।

15 जनवरी को आधी रात मरीज को रायपुर रिफर किए जाने की जानकारी के बाद डीन डा. विवेक चौधरी और अधीक्षक डा. संतोष सोनकर के निर्देश पर आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों की टीम इमरजेंसी से निपटने के लिए तैयार थी। बुलेट की चोट इतनी गहरी थी कि मरीज के जांघ की सबसे लम्बी हड्डी (फीमर) चकनाचूर हो गई थी। जांघ के सफल ऑपरेशन के बाद मरीज अभी अस्थि रोग विभाग में डॉक्टरों की देखरेख में भर्ती है। उपचार करने वाली टीम के प्रमुख डॉ. राजेन्द्र अहिरे ने बताया कि मरीज के आते ही उसे प्रारंभिक उपचार देकर स्थिति को स्थिर किया।

इसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास के निर्देशन में डॉ. सौरभ जिंदल, डॉ. अजिन फिलिपोस, डॉ. मनोज पल्ली एवं एनेस्थीसिया के डॉ. ए. शशांक तथा डॉ. सर्वप्रिया के साथ करीब दो घंटे तक ऑपरेशन किया गया। गोली लगने की वजह से बायीं जांघ की फीमर हड्डी के कई टुकड़े हो गए थे। बुलेट फिमोरल आर्टरी के करीब था इसलिए बहुत ही सावधानीपूर्वक निकाला गया। उसके बाद हड्डी को फिक्स करने के लिए 10 होल का लम्बा लॉकिंग प्लेट लगाया गया।

# घर में छापा मारा, 490 पाव देशी शराब बरामद एक गिरफ्तार दो परिवहन करते पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





रायपुर जिले में अवैध रूप से शराब बेचने और परिवहन करने के मामले में आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में टीम ने शुक्रवार को ग्राम नरदहा में एक घर में छापामार कार्रवाई करते हुए वहां से 490 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। इस मामले में शराब बेचने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार दोपहिया वाहन से शराब का परिवहन कर ले जाते दो लोगों को पकड़ा है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी वैभव मित्तल ने बताया कि 16 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नरदहा में आशुतोष उर्फ अमन साहू नामक युवक अपने घर में भारी मात्रा में शराब रखा हुआ है। इस सूचना के आधार पर टीम ने उसके घर में छापा मारकर 490 पाव देशी मशाला शराब जब्त की है।

इस तरह घर से कुल 30.60 लीटर शराब बरामद किया है। इसी प्रकार टीम ने नरदहा में ही राहुल साहू नामक व्यक्ति को दोपहिया वाहन में 170 पाव देशी मशाला शराब ले जाते गिरफ्तार किया। इसके अलावा रायपुर-अभनपुर मार्ग में नाका लगाकर भीम सतनामी निवासी नवापारा की वाहन की तलाशी लेने पर 140 पाव देशी मशाला शराब जब्त की। आरोपी पान पराग के थैले में शराब लेकर जा रहा था। विभाग ने तीनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण बनाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई करने गई टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादूर कुर्रे, आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश देशमुख, नीलम स्वर्णकार शामिल थे।

## लॉटरी से किया पीएम आवासों का आवंटन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मठपुरैना, सोनडोंगरी, दलदल सिवनी, कचना के 220 परिवारों को नगर निगम में लॉटरी पद्धति से आवासों का आवंटन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान मोर आवास के तहत पक्के मकान बनाए गए हैं। इन मकानों को किराए में रहने वाले लोगों को आवंटित करने शुक्रवार को निगम मुख्यालय के सभागार में लॉटरी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत कुल 11044 मकान स्वीकृत है, जिसमें से 8986 मकानों का आबंटन पूर्ण कर हितग्राहियों को अंशदान की राशि जमा कराने के बाद पजेशन दिया जा रहा है। निर्माणकर्ता एजेंसियों को 2 वर्ष की अवधि तक निर्मित आवासों में आने वाले लिकेज, सिपेज, पेंटिग, प्लास्टर क्रैक एवं अन्य समस्याओं का सुधार करना होगा।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**





### भाटागांव बी में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**बालोद।** ज़िला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम भाटागाँव बी में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि दोषण साहू, सरपंच योगेश देशमुख, राजा सेन तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम मनौद में गायत्री महायज्ञ जारी




**बालोद।** ग्राम मनौद में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। ग्रामीण राष्ट्र जागरण तीन दिवसीय 5 कुण्डलीय यज्ञ में भाग लेकर भक्ति गीतों का गायन करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

### शहीद गैंदसिंह नायक का शहादत दिवस 20 को

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज महासभा बालोद प्रचार मंत्री दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि शहीद गैंदसिंह नायक के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 20 जनवरी को प्रदेश की राजधानी रायपुर में किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने समाज के ग्रामीणों को भी अपने गांव में 20 जनवरी को शहादत दिवस मनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शहीद गैंदसिंह के बलिदान और शहादत को याद करते हुए हर साल की तरह इस साल भी 20 जनवरी को अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने 20 जनवरी को गांव-गांव में शहादत दिवस मनाया जाए और आने वाली पीढ़ी को भी उनके योगदान के बारे में अवगत कराने की अपील की है।





**निधन**

### पुखराज जैन



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सिर्राभाटा निवासी पुखराज जैन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सर्राभांठा मुक्ति धाम किया गया। वे रुपचंद के बड़े भाई थे।

**मंत्र : जामगांव आर पहुंचीं जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्री जी ने बताया सुखद जीवन का मंत्र**

# रिश्तों को ईमानदारी से निभाएं जीवन रहेगा हमेशा आनंदित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मनोहर कीर्ति शिशु तीन ठाना जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्रीजी मसा, ज्ञान प्रभा श्रीजी मसा, चारित्र प्रभा श्रीजी मसा का जामगांव आर आगमन हुआ। जैन भवन जामगांव आर में प्रवचन लाभ बड़ोदरा जैन श्री संघ सदस्य स्वीटी संचेती हर्ष संचेती, बटरेल जैन श्री संघ सदस्य गौतम चंद चौरड़िया, जामगांव आर जैन श्री संघ सदस्य श्रीमती लक्ष्मी बैद, सुरेश सुशीला जैन, चंद्रकैलाश, ममता, प्रज्ञा बैद, आशीष कोचर, प्रेमचंद सुनीता चौरड़िया, आसकरण निर्मला गोलछा सहित सदस्यों ने लाभ लिए।

जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्री जी ने कहा कि विश्वास जीवन की अनमोल पूंजी है, छल कपट से दूर रिश्ते निभाएं, जीवन सफर में मिठास बनी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का मोबाइल सामान्य तौर पर देख सकें, इतना विश्वास दायक काम करें तो जीवन सफर सुखदाई होगा। मोबाइल जब लॉक कर दी जाती है विश्वास पर भी ताले लटकने लगते हैं। पति पत्नी एक दूसरे के साथ ईमानदार जीवन जिएं। आधुनिकता की सोच पूर्ति लाचारी का सबब बनकर सामने आती है। संस्कार मय जीवन जिएं। शांति दामन थामने तैयार रहती है।





**अपने साथ धोखा नहीं करे-** खतरगच्छ की प्रखर वक्ता जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्रीजी ने कहा कि ना लाए थे, ना ले जा सकते फिर जीवन में क्यों उलझे जा रहे हो। परमात्मा ने बहुत दिया पुरुषार्थ करो, मेहनत और कर्म के अनुरूप फल मिलेगा। जीवन में सुख दुख यश अपयश सब कर्म आधारित है। आपको जो मिल रहा है कर्म का ही फल है। अच्छे कर्म करने के लिए परमात्मा के बताए मार्ग पर चले। अच्छे कर्म से पुण्य संचित होता है जो भविष्य के सुख का प्रबंध करता है।गलत कर्म से कष्ट उपजीत होते है। यह पता है फिर भी नहीं संभल पाना अपने साथ बहुत बड़ा धोखा है।

**राग द्वेष से मुक्त होना जीवन का लक्ष्य हो-** जैन साध्वी ज्ञानप्रभा श्रीजी ने सउदाहरण ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित करते हुए कहा देव गुरु धर्म बुद्धि को सद्बुद्धि में परिवर्तित करते हैं। मन वचन काया परमात्मा को ध्यायें, मन की चंचलता को दिशा मिलने लगेगी। भव भव से मुक्ति के मार्ग में राग और द्वेष रोड़ा अड़ाता है। राग द्वेष ही अंदर शत्रु है इस पर विजय पाने वाले जिनेश्वर परमात्मा है। और जो राग द्वेष पर विजय पाने के लिए सचेष्ट प्रयास करते है वे जैन है।दुर्लभ मानव लक्ष्य राग द्वेष से मुक्त होना ही होना चाहिए।

**अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित कर ईमानदारी से मेहनत करें**

**जामगांव आर।** मनोहर कीर्ति शिशु जैन साध्वी त्रय दर्शन प्रभा श्रीजी ज्ञान प्रभा श्रीजी चारित्र प्रभा श्री जी सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर पहुंच कर डॉ हेडगेवार सभागार में विद्यार्थियों को परीक्षा पर मार्गदर्शन दिए।

जैन साध्वी त्रय ने समवेत स्वर में कहा कि स्वच्छ भारत संस्कारी भारत के निर्माण में विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है, क्योंकि आज का बच्चा कल का भावी नागरिक है। खान पान शयन जागरण पर पैनी नजर रखे। प्रकृति अनुकूल दिनचर्या बनाएं। योजना बद्ध एकाग्रचित होकर मंजिल की ओर आगे बढ़ें। प्रारंभ में विद्यार्थियों ने महामंत्र नवकार सामूहिक पाठ कर जैन साध्वियों का स्वागत किया। अंत में जैन साध्वियों ने मंगलपाठ के साथ आशीर्वाद प्रदान किया।

जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्रीजी ने कहा कि बच्चे माता पिता के खून पसीने की कमाई से होने वाली अपनी पढ़ाई पर पूर्ण ध्यान केंद्रित कर ईमानदारी से मेहनत करें। माता पिता को होनहार बनकर रिटर्न गिफ्ट अवश्य दें। उन्होंने कहा कि हर माता पिता का सपना होता है उनका संतान होनहार बने, दोस्ती यारी कुसंगत में फंसकर अपना भविष्य और माता पिता का सपना बर्बाद नहीं करे। ईमानदारी से मेहनत करने वालो की मेहनत रंग लाती है।

उन्होंने कहा कि पढ़ाई में अक्ल लगाएं, नकल से परहेज करें, अक्ल ही जीवन संवार सकती है नकल तो अपमान की खाई पैदा करती है। बच्चे विद्यार्थी जीवन का महत्व को समझें और उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करें। इस अवसर पर प्राचार्य पीएल बारले सहित स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पत्रकार खबरों में वास्तविकता और सच्चाई को प्रामाणिकता से प्रस्तुत करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला प्रेस क्लब द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह में अधिकारियों ने दी सलाह

जिला प्रेस क्लब द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह गीत संगीत के साथ आयोजित किया गया। मिलन समारोह के पहले जिला प्रेस क्लब की बैठक हुई। इस दौरान बीजापुर के पत्रकार साथी मुकेश चंद्रकार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून और अन्य कार्य योजना पर चर्चा की गई। मिलन समारोह में दल्लीराजहरा से आए कलाकार श्रीनिवास राव, प्रकाश साहू, रुकया बेगम ने लता व मुकेश के गाए गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन और जिला प्रेस क्लब का इससे अच्छा संबंध नहीं हो सकता है कि प्रेस क्लब प्रशासन को बुलाकर सार्थक चर्चा कर रहा है। आप लोगों से कुछ सीखने का मौका मिलता है, जिले की स्थिति से अवगत होते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने सभी के आग्रह पर सरगुजा गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पत्रकार और प्रशासन के बीच में अच्छा संबंध होना चाहिए। जिला पंचायत के सीईओ संजय कनौजे ने कहा कि यह अच्छी पहल है, आपसी सामन्जस्य से कार्य में आसानी होते हैं। पत्रकार से बहुत सारी जानकारी मिलती रहती है। प्रेस और प्रशासन के बीच में खबर के लिए सामंजस्य होना चाहिए। आप लोगों को भी बड़ी चुनौती रहती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने कहा कि पत्रकार सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की खबर बनाते हैं। लेकिन, इन सब के बीच पुलिस और पत्रकार एक दोनों की मजबूत कड़ी भी हैं कई बार पत्रकारों की खबर से पुलिस को कई जानकारी मिल जाती है। लेकिन कई बार एक निगेटिव खबर अगर तथ्यात्मक न हो तो पुलिस की कई सालों का मेहनत भी खत्म कर देती है। इसलिए सभी पत्रकार खबरों में वास्तविकता और सच्चाई को प्रामाणिकता से लिखना चाहिए, जिससे समाज को एक अच्छा मैसेज पहुंचे। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि जिस तरह से आज पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार नए लोग जुड़ते जा रहे है, जिला प्रेस क्लब का किसी संघ संगठन से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। जिला प्रेस क्लब का उद्देश्य जिले के पत्रकार साथियों को एकजुट करना तथा उनके पत्रकार साथियों को फील्ड में आने वाली समस्या तथा उनके हितों की रक्षा करना है। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रेस क्लब के महासचिव राहुल भूतड़ा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एएसपी मोनिका ठाकुर, एएसपी अशोक जोशी, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, डीएसपी देवांश राठौर, मुख्यालय के तहसीलदार आशुतोष शर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय के अलावा जिला प्रेस क्लब के सदस्य उपस्थित थे।



### ग्राम हल्दी में शुरू हुई खो-खो प्रतियोगिता

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम हल्दी में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। एकता खो-खो क्लब हल्दी के तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू थे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा टोमन लाल साहू, जनपद सदस्य तेजराम साहू मंचसीन थे। इस अवसर पर जेएल साहू, पीटीई हल्दी प्रकाश सांवरे, हरदेव लाल शरवा, केश कुमार साहू, वरुण डडसेना, खुमान साहू, चंद्रशेखर डडसेना, कमलेश सिन्हा, जनक सिन्हा, प्रकाश साहू, समारू राम शरवा, बाबू लाल डड़सेना समस्त ग्रामवासी सहित एकता खोखो क्लब के सदस्य उपस्थित थे।



### बासिंग में शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**जामगांव आर।** ग्राम बासिंग में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन नारद साहू थे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत खोला रेवती साहू ने की। इस अवसर पर पंच सोनसाय साहू, अध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे, उपाध्यक्ष नरेंद्र नवरंगे, सचिव बिजेंद्र गेंढ़े, शिव जांगड़े, सुमित डहरे, किशोर कुमार, जयचंद नवरंगे, वेदप्रकाश, उपेंद्र सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# बोहारा में विधायक संगीता ने सीसी रोड निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत बोहारा में विधायक संगीता सिन्हा द्वारा सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। विगत दिनों ग्राम में पहुंची विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम के शीतला मंदिर जाने के मार्ग पर कीचड़ देखकर गामीणों की सुविधा के लिए ग्रामीणों के बिना मांगे ही ग्राम के शीतला मंदिर जाने के मार्ग के लिए 7 लाख रुपए सड़क सीमेंटीकरण के लिए स्वीकृत किए थे। बिना मांगे ही विधायक द्वारा ग्राम की समस्या को देखकर स्वयं राशि देने से ग्राम में हर्ष का माहौल था। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक संगीता सिन्हा का भव्य स्वागत किया। संगीता सिन्हा ने कहा कि मेरा पूरा प्रयास है कि प्रत्येक ग्राम में ग्रामीणों को सुविधा मिले, हमारी सरकार में हमने विधानसभा के दर्जनों ऐसे कार्यों को कराया, जिनकी मांग ग्रामीण 25–30 साल से कर रहे थे। अब भी मैं पूरा प्रयास कर रही हूं कि ग्रामीणों की मांगें पूरी हों व समस्या दूर हो।



**पीपरछेड़ी में विधायक अनिला व संगीता ने निर्माण कार्यों के लिए किया भूमिपूजन**



**बालोद।** ब्लॉक के ग्राम पीपरछेड़ी में पूर्व मंत्री व डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया और संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा की उपस्थिति में ग्राम पीपरछेड़ी में वार्ड क्र. 4 में सीसी रोड सीमेंटीकरण एवं आंगनबाड़ी क्र 1. में अहाता निर्माण कार्य व खुला मंच निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

# बालोद में मनाई गई ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा की 55वीं पुण्यतिथि शांतिपूर्ण स्थिति में मनाई गई।

इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके.विजयलक्ष्मी दीदी एवं बीके.सरिता दीदी द्वारा बालोद सहित लगभग 30 गांव के भाई बहनों को ब्रह्मा बाबा की जीवनी, आध्यात्मिक यात्रा एवं अंतिम अवस्था का संपूर्ण जानकारी दी गई।

ब्रह्मा कुमारीज बालोद की संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि परमात्मा शिव ने सन 1936 में दादा लेखराज कृपलानी (ब्रह्मा बाबा) के शरीर को माध्यम बनाकर पूरे विश्व में शांति स्थापना करने के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्था की स्थापना की, इसलिए पूरे विश्व भर में इस दिन को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके निमित्त अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू सहित विश्व के 145 देश में संस्था के प्रत्येक सेवा केन्द्रों पर योग तपस्या के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी के तहत बालोद सेवा केंद्र में भी ब्रह्मा बाबा के चार महत्वपूर्ण स्थान बाबा का कमरा (जहां वे रहते थे), बाबा की कुटिया (जहां वे योग साधना करते थे), हिस्ट्री हाल (जहां वे ज्ञान सुनते थे), शांति स्तंभ (बाबा का स्मारक), का मॉडल बनाकर पूरे एक महीने योग तपस्या का कार्यक्रम बनाया गया है। जिससे सेवा केंद्र का वातावरण भी काफी शक्तिशाली एवं संस्था में आने वाले सभी भाई बहनों की आध्यात्मिक उन्नति हुई है।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

**खबर संक्षेप**

## बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विकासकार्यों के लिए मिली 1 करोड़ रूपए की स्वीकृति

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं को देखते हुए लगातार विकास कार्य किये जा रहे हैं। बेमेतरा विधानसभा में भी विधायक दीपेश साहू के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के सर्वांगीण



विकास के लिए लगातार निर्माण कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। इसी क्रम में बेमेतरा विधानसभा में अधोसंरचना विकास व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद के तहत 10 विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बैजलपुर में सीसी रोड निर्माण, ग्राम ढाबा, ग्राम मानियारी, निनवा, मिलौरी, कुम्ही गुडा, खिसोरा, बहिंगा, हथमुड़ी में सीसी रोड निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृत प्रदान की गई है।
विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक दीपेश साहू ने बेमेतरा विधानसभा की जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया है। बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आने वाले समय में बेमेतरा सहित पूरे प्रदेश का दस गुना तेजी से विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम कर रही है।

## पिछड़ा वर्ग संगठन ने पर्यावरणविद् भूखनलाल का किया सम्मान

**अंडा।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने रावण भाटा दशहरा मैदान में बड़ी संख्या में पौधारोपण करने वाले पर्यावरण विद् सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी भूखलाल वर्मा का दशहरा मैदान में सम्मान किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि अगर ऐसे ही शख्स हर जिला तहसील मजरा टोला पारा मोहल्ला ग्राम में हो जाएं, तो हमें प्रदूषण का दंश नहीं झेलना पड़ेगा। इस अवसर पर साहू समाज के प्रमुख घासीराम साहू, आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, कुर्मी समाज प्रमुख गोपाल वर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामाधार साहू, गोस्वामी समाज के प्रमुख आरडी वैष्णव, किशुन वर्मा, चंद्रेश देवांगन, महेंद्र वर्मा, नरेंद्र पटेल, बादल निर्मलकर, एचडी बंजारे, नंद कुमार सिन्हा, संतोष जायसवाल सहित विभिन्न समाज प्रमुखों ने श्री वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## शौचालय निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में निःशक्त छात्रों के लिए शौचालय निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर निर्भय भंडारी शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजाराम तारम विधायक प्रतिनिधि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा, ललिता गांवरे सरपंच उत्तराबाई पंच, किरण कोलियारा सदस्य वायएस मरकाम प्रभारी प्राचार्य, डॉ बीएल साहसी व्याख्याता, घनश्याम पटेल, कुशल देवदास आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : प्रेरणा विद्यालय में हुआ हायर लर्निंग कक्षा का आयोजन**

# व्यक्ति के अच्छे कार्य संपूर्ण समाज को प्रेरित करते हैं : एसएसपी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रेरणा विद्यालय काठिया में शनिवार कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हायर लर्निंग कक्षा में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू मुख्य अतिथि तौर पर जहां शामिल हुए। वहीं, उनके साथ डीएसपी राजेश कुमार झा भी विशेष रूप मौजूद हुए। कक्षा के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को समझते हुए और उन्हें अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए एसएसपी साहू ने कहा, जब हमारी इच्छा होती है, तभी किसी कार्य को करने का आनंद मिलता है, और उस कार्य को करने की गति भी तेज हो जाती है। उन्होंने समय और अवसर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अमूल्य होते हैं और केवल एक बार मिलते हैं। इसके सही उपयोग से व्यक्ति न केवल सफल होता है, बल्कि समाज के लिए भी उपयोगी बनता है।उन्होंने माता-पिता के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा, माता-पिता का मुख्य उद्देश्य अपने बच्चों के भविष्य का निर्माण करना होता है। विद्यार्थियों को विद्यालय में अच्छा सीखने और अच्छे कार्यों को समझने के लिए जाना चाहिए।



### विद्यार्थियों के सवालों का प्रेरणादायक उत्तर

इस दौरान कक्षा दसवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों हिमांशु पाटिल, स्वाति अग्रवाल और युग पास्तागीया ने एसएसपी साहू से उनकी दिनचर्या और स्कूली शिक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे। श्री साहू ने इन सवालों का उत्तर बड़े ही प्रेरणादायक और सरल शब्दों में दिया, जिससे विद्यार्थियों को जीवन के प्रति नई दिशा और प्रेरणा मिली। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविकास, अनुशासन और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति उत्साह जगाना था। इस प्रेरक सत्र ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को सकारात्मक ऊर्जा और जीवन के प्रति नई सोच प्रदान की।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए आंतरिक ऊर्जा और आत्मविश्वास आवश्यक

अपने संबोधन में एसएसपी साहू ने बताया कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो सतत और कठिन परिश्रम करते हैं। उन्होंने आंतरिक ऊर्जा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह ऊर्जा व्यक्ति को अच्छे कार्य करने और स्वयं को पहचानने का अवसर प्रदान करती है। यह आत्मविश्वास को तैयार करने का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, स्वयं को समझें, अपने लक्ष्य को पहचानें और उस तक पहुंचने का मार्ग ढूंढें। लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास, अनुशासन और समय का उचित प्रबंधन करना आवश्यक है।

# पूर्व नपा अध्यक्ष सिन्हा ने वार्ड क्रमांक 7 में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के वार्ड नंबर 7 कोबिया में शनिवार विभिन्न विकास कार्यों का नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भूमिपूजन किए। भूमि पूजन समारोह में पार्षद साधेलाल बघेल, सीएमओ कोमल ठाकुर, वार्ड 3 पार्षद सजनी यादव, योगेश वर्मा, राजू देवांगन, गोलू भिखम कोशले, कमलेश वर्मा, संतोष वर्मा, धर्मेंद्र साहू ,लोकनाथ पाल, राज वर्मा ,दीना नाथ साहू सहित अन्य पदाधिकारी व वार्डवासी की मौजूदगी में श्री सिन्हा ने कहा कि विधायक दीपेश साहू के प्रयास से करोड़ों रुपए विकास कार्य शहर में शुरूआत हो चुकी है। नगर चारों तरफ स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगाया जायेगा जिसके लिए एक करोड़ की राशि डीएमफंड से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। चहुंमुखी विकास के साथ विधायक के प्रयास नालंदा परिसर का निर्माण जहां होगा, वहीं डॉ भीमराव अम्बेडकर के नाम से 1 करोड़ 50 लाख की लागत से मांगलिक भवन बनेगा । मुक्ति धाम पहुंच निर्माण जनता की पुरानी मांग रही, अब आने जाने में हो रही असुविधा पर विराम लग जाएगा।

# परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ दे देते हैं : पं वेदप्रकाश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम डौकीडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कथावाचक पं. वेदप्रकाश पांडेय ने सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई, परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ दे देते हैं। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा की शक्ति मनुष्य को सांसारिक मोह से मुक्त करने वाली है। मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखें। कथाव्यास ने कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए मदद कर दे। आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता, तब तक मित्रता रहती है। स्वार्थ पूरा होने के बाद मित्रता खत्म हो जाती है। कथाव्यास ने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए श्रद्धालुओं को जीवन जीने के तरीके बताए। भागवत को जीवन में उतारने की अपील की। आचार्य ने गौ सेवा करने पर जोर दिया। अंत में भगवान श्री कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया।

# सशिमं के रजत जयंती वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, प्रस्तुति ने जीता लोगों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रागंण में रजत जयंती वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। इस अवसर पर भैया दोनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रांतो के आंचलिक नृत्य, पंजाब की शान भांगड़ा ,छत्तीसगढ़ी नृत्य,मोबाइल के दुष्प्रभाव पर नाटक,भगवान राम द्वारा रावण वध की प्रस्तुति ने लोगों का दिल जीत लिया। इसके अलावा आईगिरी नंदिनी गीत की प्रस्तुति में महाकाली के अलावा देवी नवदुर्गा से महिषासुर वध के नाटक रूपांतरण को बखूबी निभाया। साथ ही अन्य बेहद खूबसूरत प्रस्तुति और



सुव्यवस्थित कार्यक्रम के लिए लोगों ने भरपूर प्रशंसा की। बच्चों के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति ने अतिथियों एवं श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की सफलता के पीछे स्वामी विवेकानंद शिक्षण समिति के अध्यक्ष छेदीलाल साहू, उपाध्यक्ष लाल नरेंद्र सिंह चंदेल, व्यवस्थापक कमल किशोर राठी, सहसचिव सनत राजपूत, कोषाध्यक्ष राधेश्याम सोनी, पूर्व अध्यक्ष राकेश भुवाल, सदस्य मुरारी भुवाल, संपत लाल मोदी, प्रेमलाल यादव, विनोद शर्मा आचार्य गुनीराम साहू, मंच संचालन लताश्री साहू एवं सविता वर्मा की मुख्य भूमिका रही। सांसद बघेल और विधायक ईश्वर साहू के अलावा मुख्य और विशेष रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता और बीजेपी नेता मूलचंद शर्मा, जिला पंचायत सभापति गोवेंद्र गुड्डा पटेल, नगर अध्यक्ष हरिशंकर टावरी, मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू के साथ नगर पंचायत साजा के गणमान्य नागरिक और नेतागणों में बिसरू राम साहू, नारद देवांगन, हिमांशु वर्मा, अरुण कुमार वर्मा, नारद साहू, राजू शर्मा आदि उपस्थित थे।

**विधायक ईश्वर ने की 5 लाख रूपए देने की घोषणा-** दुर्ग सांसद विजय बघेल ने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसी शिक्षा, संस्कार किसी अन्य विद्यालयों में नहीं मिल सकती। यहां के शिक्षा, संस्कार, सरस्वती शिशु मंदिर के नाम का महत्व, सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षा के माध्यम से अखंड भारत का निर्माण किया जा सकता है। विधायक ईश्वर साहू ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। साथ ही स्कूल परिसर में मंच निर्माण और अन्य विकास के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की

# स्वच्छता के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला पंचायत सीईओ डॉ कन्नौजे ने स्वच्छाग्राही दीदियों एवं सरपंच, सचिवों का किया सम्मान

जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्राही दीदियों एवं सरपंच, सचिवों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट मॉडल ग्राम पंचायत, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं फिकल स्लज ट्रीटमेन्ट प्लांट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि स्वच्छता के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। डॉ. कन्नौजे ने सरपंच,




सचिव एवं स्वच्छाग्राही दीदियों से चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छता पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग कर प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण करना है। इस अवसर पर उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अधिकारी–कर्मचारी तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव एवं स्वच्छाग्राही उपस्थित थे।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने सुख आश्रय वृद्धाश्रम में फल व शॉल का किया वितरण

**बालोद।** मानव उत्थान सेवा समिति जिला बालोद द्वारा मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरुदेव सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से 1 से 15 जनवरी तक आवश्यक सामग्री वितरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 13 जनवरी को महात्मा भुवनेश्वरी बाई के दिशा निर्देशन में महात्मा हृदयानंद के सानिध्य में सुख आश्रय वृद्धाश्रम बालोद में वृद्धजनों को फल एवं शॉल का वितरण किया गया। इस अवसर पर महात्मा हृदयानंद ने कहा कि आज व्यक्ति के अंदर मानवता की कमी होती जा रही है। मनुष्य सिर्फ अपने आप तक सीमित हो गया है। ऐसे पुत्र जो विवाह के बाद जन्म देने वाले माता–पिता को घर से बेघर कर देते हैं वह अपने आसपास दीन दुखी परेशान या जरूर मंद लोगों को व्यथित होते देखकर भी उन्हें अनदेखा करता है। ऐसी सोच को हमें बदलने की आवश्यकता है और ऐसे अज्ञानी व्यक्तियों को ज्ञान की आवश्यकता है। हमारे सद्गुरुदेव जी महाराज हमेशा दीन दुखियों की सेवा का पाठ हम सभी भक्तों को पढ़ाते हैं और उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आज हमें वृद्धा आश्रम में सेवा करने का मौका मिल रहा है।

# प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें पीएम आवासों का निर्माण : शर्मा

**बेमेतरा।** कलेक्टर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को इस योजना का पूरा लाभ मिले और सभी आवास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूरा किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आवास निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है, उन्हें शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने मैदानी अमले, जैसे सब इंजीनियर्स, तकनीकी सहायक, करारोपण अधिकारी, विकास विस्तार अधिकारी, आवास मित्र आदि को क्षेत्र का सतत दौरा करके निर्माण कार्य को गति देने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि हितग्राहियों को प्रेरित किया जाए ताकि वे अपने आवासों का निर्माण समय पर पूरा कर सके। कलेक्टर ने कहा कि कच्चे मकानों को पक्के आवासों में बदलना एक जनकल्याणकारी कार्य है, जो ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनपद और ग्राम पंचायत के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करके इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करें।

### नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी सीईओ को निर्देश दिए कि वे मैदानी अमले के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और इसकी प्रगति रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजें। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे हितग्राही, जो विभिन्न कारणों से योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें प्रतीक्षा सूची से हटाने की कार्रवाई भी शीघ्र पूरी की जाए। कलेक्टर ने आवास के फंड ट्रांसफर में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर इस समस्या का समाधान करें ताकि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की वित्तीय बाधा न आए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल सहित सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

**विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

# कुपोषण के खिलाफ अभियान को लेकर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कुपोषण को कम करने के लिए जिले के परियोजना अधिकारी और सेक्टर पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में कुपोषण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाना था। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारियों ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय हमर स्वास्थ्य लइका अभियान, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन, प्रसव पूर्व देखभाल और प्रसव पश्चात शिशु और माताओं की देखभाल पर आधारित था। कार्यशाला के दौरान यह निर्देश दिए गए कि हर सेक्टर में इन विषयों पर पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन निर्देशों के अनुरूप, 17 जनवरी जिले की सभी 6 परियोजनाओं के 46 सेक्टरों में 1178 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य कुपोषण को खत्म करने और महिलाओं और बच्चों में एनिमिया जैसी समस्याओं से निपटना था। इस अभियान के तहत कुपोषित बच्चों के परिवारों में जाकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस सुपोषण भेट में सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि, महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सहायता से सुपोषण के महत्व को बताया जाएगा। जागरूकता में यह बताया गया कि 6 माह तक बच्चों को केवल स्तनपान कराएं, 6 माह के बाद उन्हें घर के बने भोजन को मसलकर खिलाना शुरू करें और धीरे-धीरे उन्हें ठोस आहार दें। गर्भवती महिलाओं को नियमित वजन, टीकाकरण, आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड के सेवन के महत्व को भी समझाया गया। इसके अलावा, बाल विवाह को रोकने और कुपोषण की जड़ों को समाप्त करने पर भी जोर दिया गया।

